936 **830(CG)**

**2019**

चित्रकला

समय : तीन घण्टे 15 मिनट ] [ पूर्णांक : 70

**नोट :** प्रारम्भ के 15 मिनट परीक्षार्थियों को प्रश्नपत्र पढ़ने के लिए निर्धारित हैं ।

**सामान्य निर्देश :**

i) मुखपृष्ठ (cover page) तथा इसमें रखे प्रत्येक उत्तर पत्र के दाहिने कोने पर अपना अनुक्रमांक अंकों तथा शब्दों में साफ-साफ लिखिए तथा केन्द्र व्यवस्थापक एवं कक्ष निरीक्षक से भी सभी प्रपत्रों पर स्पष्ट हस्ताक्षर करवाइए।

ii) प्रश्नपत्र **तीन** खण्डों में विभाजित है। इनमें से खण्ड **क** का प्रश्न अनिवार्य है। खण्ड **ख** और खण्ड **ग** में से किसी **एक** खण्ड का ही प्रश्न हल करना है।





iii) खण्ड **क** के 'प्राकृतिक दृश्य चित्रण' **अथवा** 'आलेखन' **अथवा** 'प्राविधिक कला' में से केवल **एक** का ही चित्रण करना है।

iv) खण्ड **ख** से 'स्मृति चित्रण' **अथवा** खण्ड **ग** से 'भारतीय चित्रकला' में से किसी **एक** का ही उत्तर देना है।

v) केन्द्र व्यवस्थापक अपनी हस्ताक्षर युक्त मुहर (Facsimile) प्रत्येक प्रपत्र पर लगाएँ और उन पर कक्ष निरीक्षक के भी हस्ताक्षर करवाएँ।

## खण्ड 'क'

### (अनिवार्य)

### ( प्राकृतिक दृश्य चित्रण )

1. अपनी ड्राइंग शीट पर 20 सेमी × 15 सेमी के आयत में 'पहाड़ी के मध्य सूर्योदय' का दृश्य बनाइए। किन्हीं तीन जलरंगों से पूर्ण कीजिए।

चित्रांकन करते समय निम्नलिखित बातों का ध्यान रखिए :

| | | |
|---|---|---|
| अ) | सही अनुपात | 15 |
| ब) | सुन्दर संयोजन | 8 |
| स) | आकर्षक रंग योजना | 8 |
| द) | सामान्य प्रभाव। | 14 |

**अथवा**

## ( आलेखन )

9 सेमी त्रिज्या वाले वृत्त में आकर्षक आलेखन की रचना कीजिए, जो किसी भारतीय पुष्प, कली व मछली आदि पर आधारित हो तथा सुसंगत तीन जलरंगों का प्रयोग कीजिए। आलेखन में निम्न बिन्दुओं पर विशेष ध्यान दीजिए :

अ) संयोजन 15

ब) रेखा सौष्ठव 8

स) उत्तम रंग संगति 12

द) सामान्य प्रभाव। 10

**अथवा**

## ( प्राविधिक कला )

**सूचना :**

i) निम्नलिखित **पांच** प्रश्नों में से किन्हीं **तीन** के उत्तर दीजिए। प्रत्येक प्रश्न के अंक समान हैं।

ii) प्रत्येक उत्तर की रचना में निर्दिष्ट रेखायें, रचनात्मक रेखायें एवं अभीष्ट रेखायें स्पष्ट हों। रचना की रचनात्मक रेखाओं को न मिटाइये।





iii) रफ़ कार्य श्वेत फुलस्केप पेपर पर कीजिए। इसे भी अपने उत्तर पत्र के साथ संलग्न कर दीजिए। $3 \times 15 = 45$

अ) दो असमान वृत्त 'क' व 'ख' की सामान्य स्पर्शी खींचिए। 15

ब) किसी समत्रिबाहु त्रिभुज के अंतर्गत एक वृत्त की रचना करें जो सभी भुजाओं को स्पर्श करे। 15

स) किसी चतुर्भुज **क ख ग घ** के क्षेत्रफल के बराबर त्रिभुज की रचना कीजिए। 15

द) एक साधारण मापक (स्केल) की रचना कीजिए, जिसकी प्रदर्शक भिन्न (R.F.) $\frac{1}{60}$ दी है। मापनी पर मीटर तथा डेसीमीटर की दूरी पढ़ी जा सके। मापनी पर 4 मीटर 5 डेसीमीटर की दूरी दिखाइए। 15

य) 8 सेमी अर्द्धव्यास वाले वृत्त में एक सुन्दर श्याम-श्वेत ज्यामितीय आलेखन बनाइए। 15

## खण्ड 'ख'

### ( स्मृति चित्रण' )

2. निम्नलिखित में से किसी **एक** का स्मृति-चित्रण छाया प्रकाश दिखाते हुए पेन्सिल द्वारा बनाइए। चित्र 15 सेमी से छोटा न हो। 25

i) मोबाइल सेट और लैपटॉप

ii) लौकी और कोहड़ा

iii) जूता और छड़ी

iv) बेंडिंग और छाता

v) बाल्टी और जग।

**अथवा**

## खण्ड 'ग'

### ( भारतीय चित्रकला )

3. अ) i) कला की परिभाषा का उल्लेख कीजिए। 15

**अथवा**

ii) अजंता के गुफा चित्रों का वर्णन करें। 15

**अथवा**

iii) प्रागैतिहासिक चित्रकला का संक्षेप में वर्णन करें। 15





ब) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर चार विकल्पों में दिए गए हैं। इनमें से सही विकल्प चुन कर दिए गए ड्राइंग कागज पर क्रमानुसार लिखिए।

i) तटस्थ रंग कौन-सा है ?

अ) लाल

ब) पीला

स) काला और सफेद

द) नीला। 1

ii) इन्द्रधनुष में कितने रंग होते हैं ?

अ) पाँच ब) आठ

स) नौ द) सात। 1

iii) बादामी गुफा कहाँ है ?

अ) इलाहाबाद ब) औरंगावाद

स) गाजियावाद द) कर्नाटक। 1

iv) मुख्य रंग कितने होते हैं ?

अ) तीन ब) पाँच

स) आठ द) बारह। 1

v) पंचमढ़ी गुफा किस राज्य में है ?

अ) हिमाचल प्रदेश

ब) मध्य प्रदेश

स) राजस्थान

द) उत्तर प्रदेश। 1

vi) पीले रंग का विरोधी कौन-सा रंग है ?

अ) नारंगी ब) लाल

स) हरा द) नीला। 1

vii) राजपूत कला किस राज्य में विकसित हुई ?

अ) पंजाब

ब) बिहार

स) राजस्थान

द) आन्ध्र प्रदेश। 1

viii) कौन-सा रंग गरम है ?

अ) नीला ब) पीला

स) लाल द) हरा। 1





ix) निम्न में से मुगल काल का चित्रकार कौन हैं ?

अ) अबुल फजल

ब) मंसूर

स) निहालचन्द

द) गोवर्धन। 1

x) मुख्य रूप से प्रागैतिहासिक चित्रों में कौन-सा रंग प्रयुक्त हुआ ?

अ) सफेद ब) पीला

स) [illegible] द) गेरू। 1